•द संस्कार वैली स्कूल में मंगलवार को आयोजित स्पोर्ट्स मीट 'यंग ओलम्पिया-2015' में भाग लेते चारों हाउसेस के स्टूडेंट्स। फोटोः एचसी वर्मा

ट्रैक पर दिखा चार हाउस के 600 स्टूडेंट्स का दमखम

द संस्कार वैली स्कूल में मंगलवार को स्पोर्ट्स डे 'यंग ओलम्पिया-2015' में स्टूडेंट्स ने दी कल्चरल और स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस

SPORTS MEET @ TSVS

सिटी रिपोर्टर • इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के टर्फ ट्रैक पर अपना टैलेंट दिखाते सैकड़ों बच्चे। सांता और बैलून रेस में पेरेंट्स का जोश उन्हें बचपन की यादों की ओर ले जा रहा था। नजारा था द संस्कार वैली स्कूल (टीएसवीएस) के प्रज्ञान प्राइमरी सेक्शन के स्पोर्ट्स डे ओलम्पिया-2015 का। यहां हुई एक्टिविटीज में बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर ओवरलऑल चैम्पियन बना प्रज्ञान हाउस। स्कूल के चार हाउस प्रज्ञान, प्रवीर, सत्य और उद्यम के लगभग 600 स्टूडेंट्स ने स्पोर्ट्स एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट किया।

स्कूल प्रिंसिपल डॉ. अमलान के. साहा ने बैलून छोड़कर स्पोर्ट्स मीट का आगाज किया। उसके साथ डीन ऑफ एक्टिविटीज प्रतिभा ललवानी, हेड ऑफ सोपान लुबना वारसी, हेड ऑफ प्रांगण मनप्रीत भान, हेड आधार नीतू सिंह और हेड शिखन डॉ. दिलीप पांडा भी मौजूद थे। इसके बाद स्कूल के स्पोर्ट्स स्टार विश्रुत मिश्रा, विक्रम गुप्ता, इशिता परिहार, रघुवीर प्रताप सिंह और दृष्टि श्रीवास्तव ने मशाल थामकर मैदान के चारों तरफ दौड़ लगाई। फिर चारों सदनों के स्टूडेंटस ने मार्च पास्ट की।

गिरे, उठे, फिर दौड़ पड़े

कक्षा दूसरी और तीसरी के स्टूडेंट्स ने 50 मीटर रेस और 4 गुणा 50 मीटर रिले रेस में पार्टिसिपेट किया। चौथी और पांचवीं क्लास के स्टूडेंट्स ने 80 मीटर रेस रिले और 80 मीटर हर्डल में भाग लिया। 'भाग मिल्खा भाग...', 'चक दे इंडिया...' जैसे सॉन्ग्स स्टूडेंट्स में जोश भर रहे थे। एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में स्टूडेंट्स टकराए, गिरे और फिर दौड़े पड़े।

...जब पेरेंट्स भी दौड़े

पेरेंट्स के लिए अनूठी सांता और बॉल रेस हुई। बॉल रेस में पेरेंटस को अपने पार्टनर के साथ कमर पर बॉल रखकर दौड़ना था। वहीं, सांता रेस में पेरेंट्स को कोट, सांता कैप और हिरण को लेकर फिनिशिंग पॉइंट तक पहुंचना था। पेरेंटस ने इस एक्टिविटी में जमकर मस्ती की।

दर्शक हुए रोमांचित

यंग ओलम्पिया में कक्षा चौथी और पांचवीं के स्टूडेंट्स ने डांस, ड्रामा, एक्शन में कलरफुल परफॉर्मेंस दी। वहीं, ताइक्वांडो में नान चाकू, थाली को किक से उड़ाना और सेल्फ डिफेंस के कई करतब दिखाए।

(पढ़ें पेज 16... यंग ओलम्पिया में दिखे कई रंग)

ये रहे विनर्स

ओवरऑल विनर- प्रज्ञान हाउस
मार्च पास्ट- प्रज्ञान हाउस
पेरेंटस सांता रेस- मनीष गुप्ता
पेरेंटस बॉल रेस- अरविंद और अंशु हरकावत